जयगुरु हस्ती | जय जिनेन्द्र
जयगुरु हीरा | जयगुरु मान

आचार्य हस्ती अहिंसा शोध संस्थान

प्रशासनिक कार्यालय: 676-A 10th C रोड़, सरदारपुरा, जोधपुर-342003 (राज.) Tel. No. 5107192/2635581

उपचार केन्द्र : पूज्य कृपा, 32 नेहरू पार्क, शास्त्री सर्कल रोड़, जोधपुर-342003 (राज.)

अध्यक्ष
ज्ञानेन्द्र बाफना F.C.A.
सी-55, शास्त्रीनगर, जोधपुर
0291-2434355, 2632464, 94140-93147

प्रबंधक न्यासी
डॉ.चंचलमल चोरडिया
चोरडिया भवन, जालोरी गेट के बाहर, जोधपुर
0291-2621454, 94141-34606

न्यासीगण :

1. मोफतराज मुणोत-मुम्बई
2. रतनलाल सी. बाफना-जलगांव
3. कनकमल चोरडिया-चेन्नई
4. सुमेरसिंह बोथरा-जयपुर
5. नवरतनमल डागा-जोधपुर
6. सुभाष जैन-जोधपुर
7. सायरचंद सा कांकरिया-जोधपुर
8. सुमतिचन्द जैन-जोधपुर

उद्देश्य

1. अहिंसक चिकित्सा पद्धतियों के क्षेत्र में शोध कर मानव मात्र एवं प्राणि मात्र को रोग मुक्त करने का प्रयास करना।
2. अहिंसक चिकित्सा पद्धतियों के अनुसार चिकित्सा उपलब्ध कराने हेतु चिकित्सा केन्द्रों की स्थापना एवं संचालन करना।
3. अहिंसक चिकित्सा पद्धतियों के क्षेत्र में नवीनतम ज्ञान प्राप्ति हेतु शोध की व्यवस्था करना, शोधार्थी विद्वानों को प्रोत्साहित करना।
4. अहिंसक चिकित्सा पद्धतियों की शिक्षा हेतु मेडिकल कॉलेज की स्थापना करना।
5. अहिंसात्मक चिकित्सा पद्धतियों के अनुसार चिकित्सा कार्य करने हेतु चिकित्सक उपलब्ध कराना, इच्छुक व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिलाना, प्रशिक्षण सुविधाएँ उपलब्ध करना, प्रशिक्षण केम्पों का आयोजन करना।
6. देश विदेश में हो रहे शोध कार्यो से अवगत रहने एवं नूतन ज्ञान प्राप्ति हेतु पुस्तकालय एवं वाचनालय की स्थापना एवं संचालन करना।
7. चिकित्सा से बेहतर निरोध के सिद्धान्त के अनुसार स्वस्थ रहने एवं तदनुकूल जीवन चर्या यथा प्राकृतिक आहार, शाकाहार, स्वाध्याय, ज्ञान, प्रार्थना एवं श्वसन हेतु प्रेरणा करना।

प्रेस नोट

दिनॉक - 03.04.2009

आचार्य हस्ती अहिंसा शोध संस्थान ट्रस्ट के अन्तर्गत दिनाँक 04.04.2009 शनिवार प्रातः 8.30 बजे पूज्य कृपा, 32 नेहरू पार्क, डॉ. चंचलमल चोरडिया के मार्ग-दर्शन में एक्युप्रेशर एवं अहिंसक चिकित्सा पद्धतियों द्वारा उपचार का एक चिकित्सालय प्रारम्भ किया जा रहा है इस चिकित्सालय में प्रतिदिन प्रातः 7.30 बजे से 10.30 बजे तक एवं सांयकाल 5 बजे से 7 बजे तक उपचार की सुविधाएँ उपलब्ध होगी। इस चिकित्सालय में एक्युप्रेशर विषेशज्ञ श्री रंगरूपमल जी डागा के नेतृत्व अन्य चिकित्सक अपनी सेवाएँ प्रदान करेंगे।

इस ट्रस्ट की स्थापना प्रभावशाली अहिंसक चिकित्सा पद्धतियों द्वारा उपचार, परामर्श, प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से की गई है। ट्रस्ट देवस्थान विभाग एवं आयकर अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत है। ट्रस्ट को शुभम मित्र समूह द्वारा जोधपुर-पाली राजमार्ग पर रेलवे स्टेशन से लगभग 12.5 किलोमीटर दूरी पर 7000 वर्ग गज जमीन अहिंसात्मक चिकित्सा पद्दतियों के प्रशिक्षण एवं उपचार केन्द्र की स्थापना हेतु निःशुल्क प्रदान की गई है। उस भूमि पर आगामी 2010 वर्ष जो देश भर में अध्यात्म योगी जैनाचार्य हस्तीमल जी महाराज का जन्म शताब्दी वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। उस समय ट्रस्ट द्वारा उस भूमि पर अहिंसात्मक चिकित्सा अनुसंधान, प्रशिक्षण एवं उपचार केन्द्र निर्माण करने की योजना है जिस पर प्रारम्भिक लागत लगभग 5 करोड़ रूपये आने की संभावना है, जिसे दानदाताओं, सदस्यों, स्वयं सेवी संस्थाओं एवं अन्य ट्रस्टों तथा सरकारी सहयोग से जुटाया जायेगा। यह केन्द्र एक आवासीय प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं इनडोर व आउटडोर उपचार केन्द्र के रूप में प्रारम्भ किया जाना प्रस्तावित है।

इस वर्ष जनमत जागरण करने हेतु ट्रस्ट द्वारा दो विशाल प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन करने की योजना है। साथ ही नगर के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अहिंसात्मक चिकित्सा पद्धतियों का परिचय एवं महत्त्व बतलाने हेतु वार्ताओं का आयोजन तथा आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण देने का उपक्रम भी किया जायेगा।

(ज्ञानेन्द्र बाफना)
अध्यक्ष